स्पेन ISA का 99वाँ सदस्य बन गया

स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया

हाल ही में **स्पेन** पनामा के बाद **अनुसमर्थन दस्तावेज़** सौंपकर अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance- ISA) का **99वाँ सदस्य** बन गया है।

- वर्तमान में 119 देशों ने **ISA फ्रेमवर्क समझौते** पर हस्ताक्षर किये हैं, इसका 119वाँ देश माल्टा है, जिनमें से 98 देशों ने ISA के पूर्ण सदस्य बनने के क्रम में अनुसमर्थन हेतु आवश्यक सभी दस्तावेज़ जमा कर दिये हैं।
- **भारत और फ्राँस** ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और पेरिस जलवायु समझौते के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिये पेरिस में **पार्टियों के सम्मेलन (Conference of the Parties- COP)** के दौरान अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) लॉन्च किया।
- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) एक सदस्य-केंद्रित पहल है **जिसका उद्देश्य** सदस्य देशों में ऊर्जा पहुँच, सुरक्षा और संक्रमण को बढ़ाने के लिये **सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी तैनाती को बढ़ावा देना है।**

और पढ़ें: अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/spain-becomes-99th-member-of-isa